राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़

चतुर्थ तल, छत्तीसगढगृह निर्माण मण्डल व्यावसायिक परिसर, (दक्षिण पूर्व कॉर्नर)
सेक्टर-27, अटल नगर, रायपुर, पिन-492015 (छत्तीसगढ)
दूरभाष-0771-2511287, 2511285, ई-मेलः office.mdnrhm@gmail.com

सूचना क्रमांक / NHM / HR / 2022 / NS-188/207 नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर दिनांक 18/04/22

- :: दस्तावेज परीक्षण हेतु सूचना :-

राज्य कार्यालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ के माध्यम से पन्द्रहवें वित्त आयोग की Health Grants के अधीन प्रदेश के शहरी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर (UHWC) में चिकित्सा अधिकारी (संविदा) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु मेरिटक्रम में वर्गवार अभ्यर्थियों का दस्तावेज परीक्षण दिनांक 21.03.2022 एवं 22.03.2022 को राज्य कार्यालय में आयोजित किया गया था। उक्त दोनों तिथियों में उपस्थित अभ्यर्थियों के पात्रता की जाँच उपरांत शेष रिक्त सीटों को प्रतीक्षा सूची से भरा जाना प्रस्तावित है। अतः रिक्त सीट की उपलब्धता अनुसार वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभागीय वेसबाईट में अपलोड किया जा रहा है।

नियमानुसार वर्गवार प्रतीक्षा सूची में अवस्थित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.04.2022 को उनके समस्त मूल दस्तावेजों की जाँच किया जाना है। अतः अभ्यर्थी नीचे उल्लेखित दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक सेट छायाप्रति (स्वहस्ताक्षरित) के साथ निम्नांकित तिथि एवं समय में राज्य कार्यालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़, सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें :-

क्र.	दस्तावेज परीक्षण दिनांक	संवर्ग	दस्तावेज परीक्षण हेतु समय का विवरण	कुल अभ्यर्थी
01	02	03	04	05
01	25.04.2022	Unreserved	प्रातः 10:00 से अपरान्ह 02:00 बजे तक	26
		OBC	अपरान्ह 02:30 से सायं 05:30 बजे तक	14

अभ्यर्थियों के द्वारा दस्तावेज परीक्षण में निम्नांकित मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें :-

- 10वीं अंकसूची / जन्म प्रमाण पत्र।
- एम.बी.बी.एस. के समस्त वर्षों की अंकसूची।
- इंटर्नशीप की प्रति।
- एम.बी.बी.एस. की डिग्री (स्थायी / अस्थायी) की प्रति।

क्रमशः 02

- स्नातकोत्तर/पी.जी. डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण–पत्र की प्रति। (यदि हो तो)
- छत्तीसगढ़/अन्य राज्य के मेडिकल काउंसिल में जीवित पजीयंन (स्थायी/अस्थायी) की प्रति।
- मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया में जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र। (यदि लागू हो तो)
- National Examination Board (NBE) उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र। (यदि लागू हो तो)
- छत्तीसगढ़ के निवासियों हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण–पत्र।
- सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो)।
- पहचान पत्र। (आधार कार्ड/वोटर आई.डी./पेन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस आदि जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पता, फोटो हो)
- अनुभव प्रमाण–पत्र।
- अनापत्ति प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो)।
- सेवानिवृत्त चिकित्सा अधिकारियों हेतु सेवानिवृत्त प्रमाण–पत्र।
- अनुबंधित चिकित्सक होने की स्थिति में अनुबंध समाप्ति आदेश अथवा अनुबंध की राशि जमा करने की रसीद।
- वर्तमान समय का एक नग रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो।
- अन्य संबंधित दस्तावेज (यदि लागू हो तो)।

अतः अभ्यर्थी को उपरोक्त उल्लेखित दस्तावेजों के साथ निर्धारित समयावधि में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। अद्यतन जानकारी के लिये अभ्यर्थी विभागीय वेबसाईट **www.cghealth.nic.in** का निरंतर अवलोकन करते रहें।

(हस्ताक्षर) 18/04/2022

संयुक्त संचालक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
छत्तीसगढ़